तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

4 किसानों ने रासायनिक खाद की किल्लत को लेकर सरिया में किया धरना प्रदर्शन





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## सूखे पड़े खेतों में पड़ रही दरारें, इंद्रदेव भी भूमि पुत्रों की ले रहे परीक्षा

# 18 साल बाद भी केलो परियोजना में नहरों का काम अधूरा, पानी को तरस रहे हैं किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करोड़ों रुपए की लागत से बने केलो सिंचाई परियोजना किसानों के लिए राहत बनने के बजाय सिरदर्द बन गई है। 18 साल बाद भी रायगढ़ डिविजन में अधिकांश नहरों का काम अधूरा है, वहीं कई नहरें तो बन ही नहीं पाई हैं। जिससे किसान सिंचाई के लिए पानी को तरस रहे हैं।

इधर सूखे पड़े खेतों में दरारें पड़ रही हैं। वहीं इंद्रदेव भी बारिश न करा कर भूमि पुत्रों की परीक्षा ले रहे हैं। रायगढ़ के पुसौर ब्लॉक के 8 से 10 गांवों में किसान सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और तालाब का सहारा ले रहे हैं। पानी की कमी के कारण फसल पीली पड़ गई हैं। वहीं बार-बार बिजली कटौती और खराब बोरवेल ने किसानों को और परेशान कर रखा है। किसानों का कहना है कि दो से तीन हफ्तों से बारिश नहीं हुई है और नहर में पानी भी नहीं छोड़ा गया है। इससे हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बादी की कगार पर है।

### आज पर्यंत तक नहीं मिल पाया पानी

मिडमिडा गांव के किसानों के द्वारा केलो परियोजना अधिकारी के नाम लिखे गए शिकायत में कृषि कार्य के लिए पानी दिए जाने की मांग करते हुए कहा गया कि बारिश नहीं होने की वजह से गांव के किसानों के समक्ष बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। ठेंगापाली के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक गावों के किसानों को खेती के अलावा अन्य कार्य के लिए आज तक केलो परियोजना नहर से पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है। आलम यह है की भाठनपाली गांव तक ही नहर का निर्माण हुआ है। ठेंगापाली शाखा से 8 से 10 गांव जुड़े हैं और यहां के नहर में कभी कभार ही पानी छोड़ा जाता है।

### 2007 में शुरू हुई थी परियोजना

केलो परियोजना का निर्माण 2007 में भाजपा शासनकाल में शुरू हुआ था। इसी परियोजना को स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव वृहद सिंचाई परियोजना का नाम दिया गया। 18 साल बाद भी यह परियोजना पूरी नहीं हो पाई है। परियोजना में एक मुख्य नहर, एक शाखा नहर, 7 वितरक और 91 लघु नहरें शामिल हैं। इस वृहद परियोजना से दो जिलों के 175 गांव के 57 हजार 25 एकड़ खेतों को सिंचाई सुविधा मिलनी थी। बरसात से पहले ना तो नहर की साफ सफाई की गई और ना ही अधूरे काम को पूरा किया गया। विरोध और मुआवजा विवाद के बाद परियोजना के लिए पिछले साल 100 करोड़ का बजट मिला, लेकिन अब भी कई शाखा और लघु नहरें अधूरी हैं। यह अधूरी नहर कब पूरी होगी, अधिकारी इसे बताने में असमर्थ हैं।

### बर्बाद होने के कगार पर हैं फसल

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के किसानों की धान की फसल बारिश नहीं होने और नहर से पानी नहीं मिल पाने की वजह से अब मरने की कगार पर पहुंच चुका है। गांव के गरीब किसान अपनी बेशकीमती धान की फसल को बचाने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष गुहार भी लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। वर्तमान हालत देख कर लगता है की इस बार भूमि पुत्रों को काफी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यूं तो बारिश का मौसम किसानों के लिए कई सौगात लेकर आता है, लेकिन इस बार प्रकृति की नाराजगी कहें या फिर प्रकृति का कहर एक लंबा अरसा बीत जाने के बावजूद बारिश नहीं होने से किसानों की धान की फसल खेत में मरने की कगार पर पहुंच चुके हैं।

### पिछले साल की तुलना डेम में है ज्यादा पानी

केलो डेम में पानी रखने की क्षमता 233 मीटर है। वर्तमान में डेम में 230 मीटर पानी भरा है। अगर एमसीएम की बात करें तो केलो डेम में 22.10 एमसीएम पानी भरा है। जबकि 2023 में आज की तारीख में 24.41 एमसीएम व 2024 में 19.30 एमसीएम पानी भरा था। इस हिसाब से देखें तो पिछले साल की तुलना केलो डेम में ज्यादा पानी है। इसके बाद भी किसानों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। इसके अलावा अभी केनाल में 5.93 क्यूमेक्स व केलो डेम के 5 नंबर गेट को 5 सेमी खोल कर 6.29 क्यूमेक्स पानी केलो नदी में छोड़ा जा रहा है।

हमारे डिवीजन में नहर का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। हालांकि छोटी छोटी वितरक नहरों का काम कहीं कहीं बचा हुआ है, जिसे बरसात के बाद पूरा कर लिया जाएगा। रही बात नहरों में पानी छोडे जाने की, तो जहां जहां से किसान डिमांड कर रहे हैं, वहां पानी छोडा जा रहा है।

**एम के गुप्ता**
ईई, केलो परियोजना

### स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल



**रायगढ़।** रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। सुबह 9 बजे रिहर्सल प्रारंभ हुआ। सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल भी किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामीए राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट व स्काउट गाइड की टुकडियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज पहुंचेंगे धरमजयगढ़

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 अगस्त को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ प्रवास पर रहेंगे। अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसारए मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए हेलीपैड स्थल शासकीय कॉलेज ग्राउंड धरमजयगढ़ एवं संपूर्ण कार्यक्रम स्थल के तीन किलोमीटर के आसपास को श्नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया गया है। सुरक्षा कारणों से इस क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि शासकीय कॉलेज ग्राउंड को लैंडिंग एवं उड़ान के लिए अनुमोदित किया गया है और यह क्षेत्र टेक.ऑफ के लिए सुरक्षित एवं उपयुक्त है।

### यादव जाति को ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग

**रायगढ़।** झेरिया यादव समाज ने रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्र की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने और आरक्षण लाभ दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष पंचराम यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे। कार्यक्रम मंद प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, राजू यादव, सुनील यादव सहित जिले के विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। समाज ने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### शहर के अमाया में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**रायगढ़।** शहर की अग्रणी सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी के सदस्यगण हर वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। वहीं इस बार भी अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में शहर के छातामुडा स्थित अमाया में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविभाजित मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार व जिले के अत्यंत उदयराम थवाईत व विशिष्ट अतिथि क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति होगी। जिनके सानिध्य में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। वहीं आयोजन को भव्यता देने में अध्यक्ष रोटेरियन कमलेश अग्रवाल, रोटेरियन सुनील गुप्ता प्रोग्राम चेयरमैन, रोटेरियन विनय केडिया को प्रोग्राम चेयरमैन, सचिव रोटेरियन डॉ सतीश अग्रवाल सहित सभी सदस्यगण जुटे हैं।

## फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं होने पर 10 स्कूल बसों पर 38 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन पर स्कूली बसों की जांच लगातार जारी है। इसी क्रम में परिवहन उडऩदस्ता दल द्वारा 11 से 13 अगस्त के बीच स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 10 बसों का फिटनेस प्रमाणपत्र वैध नहीं पाया गया, जिस पर संबंधित बसों के विरुद्ध कुल 38 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दो स्कूली बसों पर 55 हजार 989 रुपए का बकाया टैक्स वसूला गया। जिन स्कूलों की बसों पर यह कार्रवाई की गईए उनमें एरिसेन्ट एजुकेशन सोसायटी, डिवाइन लाइफ स्कूल, ज्ञान धारा एजुकेशन, एकेडमिक ब्राइट पब्लिक स्कूल और राइजिंग किड्स हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 16 बिंदुओं की जाँच के अनुपालन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 21, 22 और 29 जून को मिनी स्टेडियम में विशेष निरीक्षण शिविर आयोजित किए गए थे। परंतु कई स्कूल बसें शिविर में जांच के लिए उपस्थित नहीं हुईं। कलेक्टर के निर्देशानुसार ऐसे सभी 106 अनुपस्थित बसों को वाहन पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही परिवहन उडऩदस्ता दल को निर्देशित किया गया है कि वे इन वाहनों की सघन जांच करें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। सभी स्कूल प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी बसें तय सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जो भी मानकों का पालन नहीं करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मालवाहकों पर कार्रवाई सिर्फ दिखावा, पिकअप पलटने से महिला की मौत, 14 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मालवाहकों पर पुलिस सिर्फ दिखावे की कार्रवाई करती है। जिसका परिणाम लैलूंगा थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। यहां पिकअप पलटने से एक महिला की मौत हो गई है। वहीं 14 लोग घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। दरअसल जिला पुलिस मालवाहक वाहनों पर अभियान चला कर कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ बैठकों में ज्ञान बांटती रहती है। कुछ दिन पूर्व ही ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीन मालवाहकों पर कार्रवाई की वाहवाही बटोरी गई थी, जबकि थानों में इस तरह की कार्रवाई नहीं के बराबर ही होती है। जिससे मालवाहकों में ठूंस-ठूंस कर यात्री परिवहन करते नजर आते हैं। ऐसा ही मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। जुगलाल अगरिया 36 साल ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। सुबह रोपा लगाने के लिए नुर मोहम्मद ने उसे लैलूंगा बुलाया था। इस दौरान 9 बजे एक पिकअप वाहन में 22 लोग सवार होकर पहुंचे थे। जुगलाल अगरिया ने बताया कि दोपहर 3 बजे रोपा लगाने के बाद नूर मोहम्मद दूसरा पिकअप बुक किया था जिससे वे लोग अपने गांव सरडेंगा लौट रहे थे। जब वे लोग खम्हार पुल मोड के पास पहुंचे ही थे कि पिकअप चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप को बीच सड़क में पलटा दिया। जिससे मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई। इस दुर्घटना में पिकअप के ट्राली में बैठे 14 लोग घायल हो गए। वहीं गोमती यादव ; के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

**खास बात**
- लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना, अपराध दर्ज कर पुलिस ने की खानापूर्ति



## जन्माष्टमी को महोत्सव के रूप में मनाएगा इस्कॉन प्रचार केंद्र



**रायगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को महामहोत्सव के रूप में इस्कॉन इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस रायगढ़ प्रचार केंद्र द्वारा 15 अगस्त को रेड क्वीन गार्डन में मनाया जाएगा। करीब 10 हजार लोगों के साथ जन्माष्टमी को महामहोत्सव के रूप में मनाने के लिए दोपहर से देर रात तक भक्ति आराधन के कई कार्यक्रम होंगे जिसके लिए प्रदेशभर से कलाकार रायगढ़ में जुटेंगे। पहली बार रायगढ़ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को इतने बड़े पैमाने पर जिले में मनाया जा रहा।

मेला, बाजार, प्रदर्शनी से इतर जन्माष्टमी के दिन रायगढ़ में इस बार भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत आराधना कई चरणों में की जाएगी। इस महामहोत्सव में आम आदमी से लेकर खास, भगवान श्रीकृष्ण की सेवा कर सकता है। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का हरिनाम जप भी श्रद्धालु करेंगे। तैयारियों को लेकर इस्कॉन द्वारा बुधवार को राजा पारा पल्लवी भवन स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र के मंदिर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए इस्कॉन रायपुर के मिथिलापति दास ने बताया कि इस्कॉन का उद्देश्य श्रीकृष्ण भावनामृत को विश्वभर में फैलाना है, जिससे लोग भगवान कृष्ण की भक्ति और प्रेम को अपने जीवन में अपनाएं। इस्कॉन आध्यात्मिक ज्ञान और वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करता है, जिससे लोगों को अपने जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद मिले। इस्कॉन सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भी शामिल होता है जैसे कि भोजन वितरण, शिक्षा और भटके युवाओं को सही दिशा प्रदान करना आदि। संस्था का उद्देश्य लोगों में भक्ति और प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है, जिससे वे अपने जीवन में सुखए शांति और संतुष्टि प्राप्त कर सकें। प्रेसवार्ता में 15 अगस्त के कार्यकमों की रूपरेखा के बारे में इस्कॉन प्रचार केंद्र रायगढ़ के प्रमुख कमल किशोर दास ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे स्वस्ति वाचन से होगी। यह स्वस्ति वाचन बच्चों द्वारा किया जाएगा। यह खास रहेगा, क्योंकि छोटे बच्चों द्वारा संस्कृत के मंत्रों का उच्चारण और आराधना को देखना और सुनना एक अलग ही अनुभव होता है। इसी के साथ ही साथ बाल महोत्सव भी शुरू होगा। 15 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए बाल महोत्सव में अनेक विधाएं हैं जिसमें भगवान श्री कृष्ण से संबंधित भजन, श्लोक, नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी।

## महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधर नगर पुलिस ने ग्राम कोलईबहाल जामगांव में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देते हुए 20 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोलईबहाल जामगांव निवासी राजेश कुमार सूर्यवंशी और प्रेम कुमार किसान अपने पास बिक्री के लिए अवैध महुआ शराब संग्रहित किए हुए हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश के दौरान राजेश के कब्जे से 8 लीटर व प्रेम कुमार के पास से 12 लीटर शराब बरामद किया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### धरमजयगढ़ पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

## चोरों के हौसले बुलंद: जज के घर से 25 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उनके द्वारा जज के घर में धावा बोलते हुए हजारों रुपए के सामान को पार कर दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के जेडी कालोनी निवासी प्रिया रजक ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि वह वर्तमान में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश धरमजयगढ़ पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि राखी का त्यौहार होने से एक दिवस का आकस्मिक अवकाश सहित 9 व 10 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश होने से अपने निवास स्थान बिलासपुर गई हुई थीं। 11 अगस्त को उन्हें उनके यहां काम करने वाली लक्ष्मी पैंकरा ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि घर के सामने लोहे का दरवाजा व मुख्य द्वार का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना के बाद जब वे मौके पर पहुंची तो देखा कि दरवाजे के कुंडी को कटर से काटा गया था। अंदर जाकर देखने पर आलामारी खुला हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही दराज में रखे 25 हजार नकदी रकम गायब थे।

### शासकीय कर्मचारी के घर भी चोरी

दूसरी घटना भी धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। उप कोषालय धरमजयगढ़ में सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदस्थ राघवेन्द्र सिंह ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि वो शासकीय अटल आवास में रहते हैं। 8 अगस्त को वो रक्षाबंधन त्यौहार मनाने अपने गृह ग्राम तिउर खरसिया गए हुए थे। दूसरे दिन सुबह 10 बजे अपने शासकीय आवास पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। घर के सामानों को चेक करने पर पाया गया कि आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। अज्ञात चोर घर से 20 हजार रुपए नगदी रकम की चोरी ले गए थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### आरक्षक भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ ने जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। भर्ती के प्रथम चरण में दस्तावेज़ों की जांच, शारीरिक नाप-जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए व्यापम की वेबसाइट पर पंजीयन अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को प्रोफाइल आईडी के माध्यम से जिला चयन कर आवेदन सबमिट करना होगा। व्यापम में पंजीकरण न करने वाले अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित रहेंगे।

### कांसाबेल में बिहान दीदियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जशपुरनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत विगत दिवस जनपद पंचायत कांसाबेल में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बिहान के दीदियों द्वारा भाग लेकर लोगो को हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी आम नागरिकों से अपील किया गया कि वे अपने अपने घर में तिरंगा फहराकर तिरंगे के साथ फोटो अपलोड करके भारत सरकार की ओर से एक सर्टिफिकेट आनलाइन प्राप्त करने के लिए कहा है।

### बगीचा में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**महादेवडांड़।** बगीचा में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बगीचा जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, सरपंच लाकुराम, दीपक नागेश, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में स्थानीय हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। रैली हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ मुख्य मार्गों से गुजरी। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रतिभागियों का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना और स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे व नागरिक हुए शामिल

**कांसाबेल।** सामूहिक एकता और देशभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता उत्सव को विशेष रूप से स्वच्छता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है, ताकि राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ स्वच्छता के महत्व का संदेश भी घर-घर तक पहुंचे। स्वच्छता के संग अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बालक स्कूल कन्या शाला, स्वामी आत्मानंद स्कूल, संत जोसेफ स्कूल दिन पालिका स्कूल डीएबी स्कूल सभी स्कूली बच्चे एवं गणमान्य नागरिक गण तिरंगा यात्रा में शामिल थे।

## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वअभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का बुधवार को रणजीता स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का भूमिका निभाया और परेड की सलामी ली। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट तैयारियों का निरीक्षण किया।

मुख्य परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे, टू आईसी उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर की अगवाई में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, छत्तीसगढ पुलिस बल, छत्तीसगढ़ बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, सेजेश हिन्दी माध्यम एनसीसी जूनियर, जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी एअर विंग एनसीसी, महारानी लक्ष्मी बाई उमावि जशपुरनगर एनएसएस बालिका, सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर, वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर, सेंट जेवियर शाति भवन जशपुर स्काउट गाईट बालिका, सेंट जेवियर शाति भवन जशपुर बालक, बैंड दल के 13 टुकड़ियां स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल परेड किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासन के दिए गए निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए गरिमामय एवं सादगी पूर्ण ढंग से कार्यक्रम मनाने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, एसडीएम जशपुर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डीआर राठिया एवं जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया।



रणजीता स्टेडियम में किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास।

### मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण



जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन रणजीता स्टेडियम में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त 2025 को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं सलामी, परेड का निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवार का सम्मान तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया जाएगा।

# अब अंतिम संस्कार की लकड़ी के लिए नहीं पड़ेगा भटकना



- उपाध्यक्ष ने बढ़ाए मदद के हाथ कहा-जरूरतमंद परिवारों को मिलेगी नि:शुल्क लकड़ी

**कोतबा।** मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से अब निजात मिलेगी.अब तक यहां के लोगों को वन विभाग की निष्क्रियता और गैर जिम्मेदाराना रवैया से लोगों को मरणोपरांत दाह संस्कार के लिये जलाऊ लकड़ी के लिये चंदा करना या भटकना पड़ता था.जिससे दाह संस्कार में कई कठिनाई के साथ ही उन्हें मानसिक रूप से विवश होना पड़ता था.अब इस जटिल समस्या के लिये पहली बार नगर की महिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा ने मदद के हाथ बढ़ाये हैं.उन्होंने बाकयदा नगर पंचायत के गाड़ी में मुनादी कराकर यह कहा है कि अब नगर में किसी की भी मृत्यु होती है तो वे उसके सम्पूर्ण लकड़ी का व्यवस्था करेंगे.उन्होंने कहा है कि कोई भी अगर अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य के लिये लकड़ी जुटाने में असमर्थ होगा तो वे उन्हें निःशुल्क लकड़ी प्रदान करेगें।

उनके इस फैसले से अंतिम संस्कार के लिए अब लकड़ी के लिए ज़रूरतमंद परिवारों को लकड़ी के लिए पैसे इकट्ठा करने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी. अक्सर देखा गया है कि अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था करने में लोगों को आर्थिक कठिनाई होती थी। इस समस्या को हल करने के लिए, उपाध्यक्ष ने पहल की है और अब अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था खुद करेंगे. यह फैसला उन परिवारों के लिए बहुत मददगार होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिनके लिए अंतिम संस्कार का खर्च उठाना मुश्किल होता है. उपाध्यक्ष का यह कदम सराहनीय है और इससे समुदाय में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा. उल्लेखनीय है कि 10 दिन पूर्व ही वन विभाग और नगर सरकार को आईना दिखाते हुये सभी प्रमुख अखबारों में यह खबर प्रकाशन किया था कि यहाँ मरणोपरांत मृतक परिजनों के परिवार वालों को दाह संस्कार जैसे अतिआवश्यक कार्यो के लिये लोगों के घरों में जाकर लकड़ी इकट्ठा करना कर दाह संस्कार करना पड़ता था.इसका एक मात्र कारण वनविभाग के डीपो में लकड़ी नहीं होना होता था.आपको बता दें कि 50 सालों से अधिक समय से कोतबा स्थित कारगिल चौक में वनविभाग द्वारा वन डीपो संचालन किया जा रहा है.जो पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा हैं।

# बगीचा में दिनदहाड़े चोरी,नकद 50 हजार व दस्तावेज गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महादेवडांड़

- गांव में दहशत, पुलिस जांच शुरु

थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम बादुपारा में 8 अगस्त को दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। पुलिस जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय नीलम एक्का अपने ससुर के निधन पर परिवार सहित सुबह लगभग 8:30 बजे घर में ताला लगाकर अंतिम क्रिया-कर्म में शामिल होने गए थे। शाम करीब 5 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

घर के भीतर प्रवेश करते ही पाया कि दोनों अलमारियां खुली पड़ी थीं,कपड़े और दस्तावेज बिखरे पड़े थे। चोर न्यू पेंशन प्रान कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड सहित 15,000 रूपए स्कूल बस कलेक्शन, बच्चों की फीस जमा करने के लिए रखे 10,000 रूपए खेती के लिए रखे 20,000 रूपए और पर्स में रखे लगभग 5,000 रूपए नगद लेकर फरार हो गया। कुल मिलाकर लगभग 50,000 रूपए की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अज्ञात व्यक्तियों की आवाजाही देखी जा रही थी, लेकिन पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस चोरी से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और कई घरों ने रात में पहरा देने की तैयारी शुरू कर दी है।

पीड़ित अजय नीलम एक्का ने तत्काल थाना बगीचा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया, आसपास के लोगों से पूछताछ की और सबूत जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, साथ ही संदिग्धों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और रात्रि गश्ती दल सक्रिय किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# स्वच्छता के संग अभियान का जिले में आयोजन

**जशपुरनगर।** सामूहिक एकता और देशभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता उत्सव को विशेष रूप से स्वच्छता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है, ताकि राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ स्वच्छता के महत्व का संदेश भी घर-घर तक पहुंचे।

इसी उद्देश्य के साथ हर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयोजित रैली में लोग हाथों में तिरंगा थामे, जोशीले नारों के साथ देशप्रेम का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता का संदेश भी दे रहे हैं। इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव एवं नागरिक एकता की भावना पर आधारित है। इस उत्सव के दौरान ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।



तिरंगा रैली में शामिल हुईं छात्राएं।

## बाबा धाम में हठयोगी बाबा सत्यनारायण काव्य संकलन का लोकार्पण



**तमनार।** रायगढ़ की साहित्यिक व सांस्कृतिक धारा में विशेष स्थान रखने वाले तपस्वी बाबा सत्यनारायण के जीवन और दर्शन पर आधारित छंदबद्ध साझा संकलन हठयोगी श्री श्री बाबा सत्यनारायण का लोकार्पण बाबा धाम के पावन प्रांगण में हुआ। बाबा का जीवन कठोर तप, गहन साधना और मानवता की सेवा का अद्वितीय उदाहरण रहा है।

इस काव्य संकलन में विभिन्न रचनाकारों ने बाबा के तपस्वी जीवन, समाजसेवा और आध्यात्मिक तेज को अपने भावपूर्ण शब्दों में पिरोया है। संपादन डॉ. आशा मेहर किरण, डॉ. सुधा देवांगन शुचि और डॉ. अजय पटनायक मयंक के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने इसे साहित्यिक और आध्यात्मिक स्मारक का रूप दिया। महापौर जीवर्धन चौहान और पूजनीय माता हंसामति देवी ने संकलन का अनावरण किया। मंच पर बाबा धाम समिति के सचिव रमेश बेहरा, संरक्षक अशोक कुमार लांबा, संचालक मुकेश शर्मा, अधिवक्ता बाबूलाल मेहर, पार्षद मुक्ति प्रसाद एवं आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

### महापौर चौहान ने अपने मद से 20 लाख देने का किया ऐलान

महापौर चौहान ने साहित्यकारों को तन, मन, धन से सहयोग देने और साहित्य भवन के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। रमेश बेहरा ने इसे रायगढ़ के साहित्यकारों की भावनाओं का स्रोत बताया, जबकि अशोक लांबा और बाबूलाल मेहर ने इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लेखिका एवं शिक्षिका श्रीमती रश्मि वर्मा को साहित्य और शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए काव्य वाटिका सम्मान प्रदान किया गया।

# कोतबा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



आम नागरिकों के साथ रैली में शामिल हुई विधायक गोमती।

**कोतबा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारतम्यता में कोतबा नगर में कारगिल चौक से बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक पत्थलगाँव गोमती साय के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं नेताओ अधिकारी कर्मचारियों सहित स्कूली छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए सम्मिलित हुए

तिरंगा यात्रा कार्यक्रम तेज धूप में दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया।

जिसमे कड़ी धूप के बावजूद नागरिकों का देशभक्ति का जज्बा देखते बन रहा था। कोतबा नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक पत्थलगाँव गोमती साय ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया और लोगों के साथ मिलकर इस यात्रा को सफल बनाया। गोमती साय ने नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जो कि नगर के कारगिल चौक से मुख्य मार्ग होते हुए परशुराम चौक से बस स्टैंड पहुँची जहाँ गोमती साय ने बीच सड़क पर तिरंगा यात्रा में शामिल सभी आम जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे भारत के जवान हमारे भारत देश की सुरक्षा के लिए हमेशा भारत माँ की रक्षा के लिए तत्पर तैयार रहते हैं।

# संत जोसेफ स्कूल में वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता

**कांसाबेल।** संत जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों में हस्त लेखन,कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों में राखी बनाना, कक्षा नवीं से दसवीं के विद्यार्थियों में राखी की प्लेट की सजावट एवं कक्षा 11वीं से 12वीं की विद्यार्थियों में वेस्ट से वेस्ट बनाने पर प्रतियोगिता रखा गया जिसमें ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी अपने-अपने ग्रुप में रहकर प्रतिभागी रहे। विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया क्योंकि भाई बहन के बीच प्रेम का पवित्र बंधन मानवीय भावनाओं में सबसे गहरा और उत्कृष्ट है ₹रक्षाबंधन या राखी₹ कलाई पर एक पवित्र धागे के जरिए इस भावनात्मक बंधन का जश्न मनाने का एक विशेष अवसर है बहन के प्रेम और भाई के उदात्त भावनाओं से ओत प्रोत इस धागे को सही मायने में राखी कहा जाता है।



# चितवन फार्म हाउस लोगों को दे रहा प्रकृति के बीच रहने का अहसास

बिजनेस प्लस




**बिलासपुर।** गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट द्वारा चितवन फार्म की नई सौगात शहरवासियों को दे रहा है। जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सके। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है। नेशनल रोड से जुड़ा होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है।

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना-पहचाना और विश्वनीय नाम बन चुका है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरूआत की जा रही है। जहां योगा, मेडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। 24 घंटे वाटर सप्लाई और बिजली व्यवस्था रखी गई है। साथ ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म का एंट्री गेट भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस हैं, जो पूरी तरह टी एण्ड सी एप्रूव्ड है।

## जनता और नगर पंचायत की मेहनत से शहर ने फिर रचा इतिहास

# मुख्यमंत्री के हाथों घरघोड़ा नगर पंचायत सम्मानित

**घरघोड़ा ।** स्वच्छता के प्रति जागरूकता के मंत्र को अपनाकर घरघोड़ा ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। लगातार तीसरे वर्ष 3 स्टार सिटी अवॉर्ड हासिल कर नगर ने साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायतों की राष्ट्रीय रैंकिंग में घरघोड़ा ने 8वाँ स्थान पाया, और जिले का एकमात्र नगर बनकर टॉप-10 में शामिल हुआ। साथ ही, यह जिले का एकमात्र नगर है जिसने 3 स्टार रेटिंग क्वालीफाई की है। पूरे छत्तीसगढ़ के 192 निकायों में से केवल 18 शहरों को यह सम्मान मिला।

इस सफलता का श्रेय स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत घरघोड़ा की जागरूक जनता और स्वच्छता कर्मियों की अथक मेहनत को जाता है। नागरिकों के समय पर कचरा सौंपने, मोहल्लों में स्वच्छता रैलियों और स्कूलों में चलाए गए कार्यक्रमों ने इस सफलता की नींव रखी। सफाई कर्मियों ने सुबह 6 बजे से काम शुरू कर गलियों और मुख्य बाजार को साफ-सुथरा रखने में दिन-रात योगदान दिया।



बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता संगम में माननीय मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने नगर पंचायत घरघोड़ा को अवॉर्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, सीएमओ दीपिका भगत, पीआईयू अमन गुप्ता, सफाई प्रभारी प्रकाश कुर्रे, स्वच्छता दीदी सुखीलाल उरांव और सभी स्वच्छता दीदियां मौजूद थीं।






# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

## लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।

## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*__मुंबई।__ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*

***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*



***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*__मुंबई।__ हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन** : डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा** : सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी** : पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स** : कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा** : हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ** : एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप** : अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान** : तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड** : लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**खबर संक्षेप**

## डिफेंस एकेडमी से सेना बीएसएफ में नियुक्ति



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में कुछ वर्षों पूर्व स्थापित सृस्टि डिफेंस एकेडमी युवाओं को सेना, पुलिस, बीएसएफ, होमगार्ड सहित विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति दिलाने में सहायक बन रही है। यहां शारीरिक प्रशिक्षण के साथ लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाती है।अब तक यहां से अग्निवीर में अभिषेक पात्रे, बीएसएफ में प्रमोद चौहान, आकाश गढ़तिया और उमाशंकर यादव, नगर सैनिक में 7 महिलाएं व 1 पुरुष तथा पुलिस में 6 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। खेलों में हाई जंप में अर्पिता चौहान, 1500 मीटर दौड़ में अंजना पटेल और लेक्रास में विभूति सरल, हरिहर चौहान का चयन हुआ है। संस्थापक प्रो. विजय कुमार कांटे का कहना है कि क्षेत्र के युवाओं को अवसर दिलाना ही उनका उद्देश्य है। एकेडमी में लगभग 50 छात्र प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें उड़ीसा से भी कई अभ्यर्थी शामिल हैं। संचालन के लिए अत्यंत कम शुल्क लिया जाता है और शेष खर्च स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सहयोगियों की मदद से पूरा किया जाता है।

## 14 अगस्त को सारंगढ़ में होगी देशभक्ति दौड़

**सारंगढ़।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और सम्मान को जन-जन तक पहुँचाने तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित करने के उद्देश्य से 14 अगस्त की सुबह 6:30 बजे एक भव्य दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर सारंगढ़ से खेलभाटा मैदान तक निकाली जाएगी। आयोजकों के अनुसार, दौड़ के दौरान देशभक्ति के नारे और गीत वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर देंगे। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, स्कूली और कॉलेज के खिलाड़ी, अधिकारी-कर्मचारी तथा इच्छुक नागरिक भाग लेंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से दौड़ में शामिल होकर देशभक्ति के इस उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

## चरित्र शंका पर टांगी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा ।** चरित्र शंका पर पड़ोसी पर टांगी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता की है। इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पोता निवासी बसंत कुमार यादव पिता प्रेमलाल केवट उम्र 54 साल ने मालखरौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ओम कुमार केंवट नहर पार में दुकान संचालित करता है और प्रार्थी भी दुकान में था जो प्रार्थी खाना खाने रात्रि 9.30 वह बजे घर आ गया था। इसी दौरान रात्रि 11 बजे उसके दोस्त ने जानकारी दी कि लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा ओम कुमार केंवट को टांगी से जान सहित मारने की नियत से उसके ऊपर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया है। जिस पर उसने ओम कुमार केवट को पूछताछ की,उसने बताया कि लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा चरित्र शंका कर टांगी से हत्या करने के नियत से प्राण घातक वार कर चोंट पहुंचाया है।

### 19 तक डीएपी व यूरिया की आपूर्ति का तहसीलदार ने दिया आश्वासन

# किसानों ने रासायनिक खाद की किल्लत को लेकर सरिया में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरिया




डीएपी व यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे परेशान किसानों ने बुधवार को खाद की मांग को लेकर नगर के अटल चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। अटल चौक के पास शासन प्रशासन का जमकर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारी किसान शासन प्रशासन से सरिया के सेवा सहकारी समिति में रासायनिक खाद की आपूर्ति करने की मांग कर रहे थे। विदित हो कि सरिया में विगत तीन माह से किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की किल्लत से किसानों को जूझना पड़ रहा है।

नाराज किसानों ने दो दिन पूर्व कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नाम सरिया थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया था। तथा मांग किया था कि 2 दिन के भीतर सरिया में डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति की जाए। अन्यथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।किसान अपने निर्धारित योजना के तहत बुधवार को अटल चौक सरिया में सुबह 11 बजे धरना प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 2 बजे प्रशासन हरकत में आई और सारंगढ़ जिला मुख्यालय से अपर कलेक्टर टंडन किसानों के बीच पहुंचे। इसके बाद भी किसानों के द्वारा डीएपी एवं यूरिया खाद की मांग पर अड़े रहे। तत्पश्चात ही आंदोलन खत्म करने का किसानों ने आश्वासन दिया। इसके बाद प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारी एवं तहसीलदार सरिया कोमल साहू को किसानों के बीच किसानों के समस्या समाधान हेतु भेजा गया। जहां तहसीलदार कोमल साहू ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही सरिया में डीएपी और यूरिया खाद की आपूर्ति होगी। तत्पश्चात किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया। किसान नेता मोहन पटेल ने कहा कि तहसीलदार के आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म किया गया है। तहसीलदार ने हमें आश्वासन दिया है कि 19 अगस्त तक सरिया में यूरिया एवं डीएपी की आपूर्ति होगी। इसके बाद भी यदि नहीं हुआ तो चक्का जामआंदोलन करने का निर्णय किसान संघ ने लिया है। आंदोलन में सरिया एवं सेवा सहकारी समिति सरिया से जुड़े किसान बड़ी संख्या उपस्थित थे।

### आपूर्ति का आश्वासन

यूरिया एवं डीएपी खाद की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को सरिया में धरना प्रदर्शन कर खाद की मांग कर रहे थे इसकी जानकारी होने पर अपर कलेक्टर टंडन सर सरिया पहुंचे और किसानों के समस्या को समझाते हुए शीघ्र ही सरिया में डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति का आश्वासन दिया है सरिया में खाद की आपूर्ति होगी और किसानों की समस्या दूर होगी।

**कोमल साहू, तहसीलदार सरिया**

डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति अब भी नहीं हुई, तो अब उग्र आंदोलन होगा।सरिया क्षेत्र में लगातार यूरिया एवं डीएपी खाद की मांग करते आ रहे हैं। इसके बाद भी प्रशासन किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया। जिसके कारण बुधवार को किसान संघ के द्वारा अटल चौक सरिया में धरना प्रदर्शन करते हुए शासन प्रशासन से यूरिया एवं डीएपी खाद की मांग की गई। इस पर तहसीलदार कोमल साहू के द्वारा आश्वासन दिया गया की 19 अगस्त तक सरिया में यूरिया व डीएपी खाद की आपूर्ति होगी।यदि इसके बाद भी नहीं हुई तो 20 अगस्त उग्र आंदोलन अथवा चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**मोहन पटेल, संरक्षक किसान संघ**



## अकाल की आशंका, सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरसींवा

■ एक हफ्ते में बारिश नहीं हुई तो फसल उत्पादन में 25 फीसदी की होगी कमी

बिलाईगढ़ विधानसभा के वनांचल क्षेत्र के किसान इस समय बारिश की कमी से बेहद चिंतित हैं। लगातार सूखे जैसे हालात के चलते किसानों को अब अकाल की आशंका सताने लगी है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि अगले एक हफ्ते के भीतर बारिश नहीं हुई, तो उत्पादन क्षमता में लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट आ जाएगी, जबकि 15 दिन तक पानी नहीं गिरा तो फसल का आधा हिस्सा नष्ट हो सकता है।

किसानों ने बताया कि उनकी खेती का लगभग आधा हिस्सा बारिश पर निर्भर है, जबकि बाकी हिस्सा निजी सिंचाई साधनों से चलता है। शुरुआत में उच्च गुणवत्ता वाले खाद की कमी, बिजली बिल में कटौती और दर वृद्धि, तथा रसोई गैस सिलेंडर की सब्सिडी में कमी से वे पहले ही परेशान थे। किसानों का आरोप है कि सरकार ने अब तक कोई ठोस मदद नहीं की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने सरकार से मांग की है कि वनांचल क्षेत्र में सूखे के हालात को देखते हुए, यदि एक हफ्ते में बारिश नहीं होती है तो इस इलाके को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। सूखाग्रस्त होने की संभावना वाले प्रमुख गांवों में देवरुम, देवगांव, बागमड़ा, राजा देवरी, नगेड़ी, नागेड़ा, गनियारी, बिलारी, छाता, मनदीप, थरगांव, चंदन, गोलाझर, सुखरी और अमरुआ शामिल हैं।

## घरघोड़ा में एसडीएम ने खाद आपूर्ति व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**घरघोड़ा।** किसानों की जरूरतों को सर्वोपरि मानते हुए घरघोड़ा और तमनार क्षेत्र में एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने बुधवार को खाद आपूर्ति व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी किसान को खाद के लिए भटकना न पड़े और हर हाल में उचित मूल्य पर ही उपलब्ध कराया जाए।

इस दौरान उन्होंने शुभम ट्रेडर्स और महामाया ट्रेडर्स जैसे निजी संस्थानों में स्टॉक और बिक्री व्यवस्था की जांच की। दुकानदारों



को चेतावनी दी कि किसी भी तरह की काला बाजारी या कृत्रिम संकट पैदा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासकीय गोदाम घरघोड़ा और नवापारा टेंडा वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। यहाँ समिति प्रबंधकों को किसानों की शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद सभागार भवन में मंडी प्रबंधकोंए फर्टिलाइजर निरीक्षकों और कृषि अधिकारियों की बैठक आयोजित की गईए जिसमें भंडारणए आपूर्ति और वितरण की पारदर्शी प्रक्रिया पर जोर दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ताए फर्टिलाइजर निरीक्षक उदित नारायण नगाइचए कृषि विभाग के एसईडीओ दुबराज पैंकरा घरघोड़ा और एसईडीओ तमनार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमनार रोडोपाली में भव्य तिरंगा पदयात्रा और बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तमनार

केलो वनांचल, आदिवासी बहुल तहसील तमनार में हर घर तिरंगा तिरंगा मोर अभियान के तहत मंडल तमनार व रोडोपाली क्षेत्र के गांवों में बुधवार को भव्य बाइक रैली और पदयात्रा का आयोजन किया गया।

बाइक रैली मिलूपारा चौक से प्रारंभ होकर बज़रमुडाए ढोलनारा, रोडोपाली, सराईडीपा, कोलम, चिरामुडा, केराखोल, नुन्दरहा, औराईमुडा, बनाई, बरकसपाली, पतरापाली, मौहापाली, कठरापाली, डोलेसारा, बांधापाली, पाता, कुंजेमुरा, हुंकराडिपा, सलिहाभाठा, इंद्रानगर, बरभांठा चौक, बासनपाल, जरेकेला होते हुए सम्पन्न हुई। तिरंगा पदयात्रा हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर बस स्टैंड थाना, बाजारपारा चौक होते हुए महंत पारा अस्पताल चौक तक निकाली गई। पूरे मार्ग में राष्ट्रभक्ति के गीतों की गूंज और तिरंगे की शान से माहौल देशभक्ति में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, पूर्व विधायक सुनीति राठिया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, गोकुलनंद पटनायक, जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, रमेश बेहरा, सतीश बेहरा, अरुण रायए जतिन साव, विनायक पटनायक, गीतांजलि पटनायक, सरोज बेहरा सहित जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस, पत्रकार और लगभग 5 हजार स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान देश में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। सुनीति राठिया ने कहा मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत हर घर और प्रतिष्ठान में सम्मानपूर्वक तिरंगा लहराना हम सबका कर्तव्य है।




## 75 लाख की लागत से होगा तालाब का सौंदर्यीकरण



**धरमजयगढ़।** एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के सीएसआर मद अंतर्गत अमृत सरोवर मिशन के तहत लात पुनर्वास छाल, वृंदावन में तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का आज भूमिपूजन किया गया। इस कार्य के लिए 75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया और धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने संयुक्त रूप से शिलान्यास कर सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि तालाब क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण होने से यह तालाब न केवल आकर्षण का केंद्र बनेगा बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छ जल और बेहतर पर्यावरण का लाभ भी मिलेगा। भूमिपूजन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रजनी राठिया, एसईसीएल के महाप्रबंधक केसी सुरेन्द्रनाथ, छाल उप क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार चौबे, सीएसआर अधिकारी रायगढ़ क्षेत्र डॉ. गजानंद, जनपद पंचायत सदस्य संतराम खूंटे, विधायक प्रतिनिधि नीलांबर सिंह राठिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष डोल नारायण पटेल, सरपंच मालती राठिया, उपसरपंच अशोक पांडेय, जनपद सदस्य रोहिणी पटेल, चमेली बाई राठिया समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाओं के लिए कंप्यूटराइज्ड का कोर्स

**सारंगढ़।** रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की ग्रामीण युवतियों एवं महिलाओं के लिए 38 दिवसीय सहायक बुक कीपर कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग का निशुल्क प्रशिक्षण 18 अगस्त से शुरू होगा। यह प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ द्वारा टीवी टॉवर रोड, क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र के पीछे, छोटे अतरमुड़ा में आयोजित किया जाएगा। आरसेटी के वरिष्ठ समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव ने बताया कि इस कोर्स के लिए केवल 35 सीटें निर्धारित हैं। इच्छुक महिलाएं अपने दस्तावेज व्हाट्सऐप नंबर 7974942078 पर भेजकर पंजीयन करा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना और सीखना पूरी तरह निशुल्क होगा, ताकि आर्थिक स्थिति के कारण कोई भी महिला इस अवसर से वंचित न रहे। यह कोर्स खासतौर पर उन महिलाओं और युवतियों के लिए है जो गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करती हैं, आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है और वे शिक्षित होकर भी रोजगार के अवसर तलाश रही हैं।

## बिलाईगढ़ मंडल में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन



**बिलाईगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति की भावना को जन.जन तक पहुंचाने के लिए नगर पंचायत बिलाईगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में हर घर तिरंगा घर.घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन हुआ।

रैली अटल चौक बिलाईगढ़ से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड बिलाईगढ़ से पुनः अटल परिसर के पास संपन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय और हर घर तिरंगा के नारों से नगर गूंज उठा। इस विशाल रैली में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष चालानए बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छाया विधायक डॉण दिनेश लाल जांगड़ेए मंडल अध्यक्ष सुश्री राधा राकेशए राम नारायण देवांगनए टीकाराम जायसवालए प्रहलाद दानए सीजी कुंज राम पटेलए गणेशी राकेश कथक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी शामिल हुए।



### लोइंग भाजपा मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व माहौल को देशभक्ति से ओत प्रोत करने के लिए लोइंग भाजपा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को भव्य हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत पूर्वांचल क्षेत्र के प्रथम गांव पंडरीपानी से हुई। सबसे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद विप्लव त्रिपाठी के परिवारजनों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करने से हुआ।भव्य मोटरसाइकिल रैली में कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लहराते हुए डीजे की देशभक्ति धुनों के साथ पंडरीपानी से रवाना हुए। रैली महापल्ली, कोटरापाली होते हुए कोतरलिया में जाकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में महापल्ली और कोतरलिया के स्कूलों के बच्चों एवं शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगे का सम्मान करते हुए जय हिंदए जय भारत के नारों से माहौल गूंजा दिया। पूर्वांचल क्षेत्र के लगभग सभी गांवों की महिलाओं और पुरुषों ने घरों से निकलकर रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। पुष्प वर्षा और नारों से वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश फैलाना था।

### घरघोड़ा में तिरंगा यात्रा, हजारों की भागीदारी

**घरघोड़ा।** तिरंगे की शान बनाए रखने और देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से घरघोड़ा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा घरघोड़ा स्टेडियम से जय स्तंभ चौक तक हुई, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, सभी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यक्रम में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा और डीडीसी मुरलीधर राठिया सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।



### कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने ली समय सीमा की बैठक

# एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक लेते हुए जिले में किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में शत-प्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जिन पटवारियों या अधिकारियों की आईडी नहीं बनी है, उन्हें शीघ्र तैयार करने तथा आवश्यक होने पर प्रशिक्षण दिलाने को कहा।

कलेक्टर ने बताया कि किसानों को धान खरीदी, प्रधानमंत्री फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है। अतः यह कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि गांव-गांव में तिरंगा रैली और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसमें पंचायत सचिव, सरपंच, पंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय नागरिक सक्रिय भागीदारी निभाएं।



### राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा

छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण, वन अधिकार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। रजत जयंती वर्ष का उद्देश्य इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाना और प्रदेशवासियों को वर्ष 2050 के छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना है। गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, अन्नदाता सम्मान और नारी सशक्तिकरण इस आयोजन के प्रमुख केंद्र बिंदु होंगे। प्रत्येक विभाग अपने-अपने क्षेत्र में 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष सप्ताह का आयोजन करेगा।

